# डॉ0 जैक्स वीन नेशनल स्कूल का इतिहास

डॉ0 जैक्स वीन नेशनल स्कूल नरोत्तमनगर (थगलासी) भैंसारी गुप्तकाशी, जनपद–रुद्रप्रयाग, जीवन निर्माण एजुकेशन सोसाइटी (पूर्व नाम डॉ0 जैक्स वीन शिक्षण समिति ग्राम–डोबा (नाला) गुप्तकाशी) द्वारा अंग्रेजी माध्यम से संचालित एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली (सी0बी0एस0ई0) से मान्यता प्राप्त सीनियर सेकेन्डरी विद्यालय है।

डॉ0 जैक्स वीन नेशनल स्कूल नरोत्तमनगर (थगलासी) भैंसारी गुप्तकाशी, उत्तराखण्ड के पर्वतीय जनपद रुद्रप्रयाग में विकास खण्ड ऊखीमठ के अन्तर्गत गुप्तकाशी नामक कस्बे में स्थित है। यह स्थान विश्वविख्यात श्री केदारनाथ धाम जाने वाले मार्ग पर स्थित है।

डॉ0 जैक्स वीन शिक्षण समिति वर्ष 2003–2004 से अनोपचारिक रुप से संचालित थी। प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक चिकित्सक एवं दार्शनिक डॉ0 जैक्स वीन (ब्रह्मचारी विज्ञानानन्द) जो कि पेरिस (फ्रांस) के मूल निवासी हैं एवं भारत में उनका निवास स्थान धौलछिना, जनपद अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड में स्थित है, की प्रेरणा एवं सहयोग से जून 2004–05 में डॉ0 जैक्स वीन शिक्षण समिति का औपचारिक रुप से गठन किया गया।

डॉ0 जैक्स वीन शिक्षण समिति विगत समय से क्षेत्र के शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय पहुलओं के विकास पर कार्य करती आ रही है। क्षेत्र की शैक्षणिक स्थिति को ध्यान में रखकर एवं समिति के प्रणेता डॉ0 जैक्स वीन के विचारानुसार शिक्षा गुणवत्ता परख न होकर आने वाली पीढ़ी को निस्वार्थी, परोपकारी एवं स्वालम्बी बनाना ही शिक्षा का उद्देश्य है। डॉ0 जैक्स वीन शिक्षण समिति के अन्र्तगत माह जुलाई 2004–05 से डॉ0 जैक्स वीन नेशनल स्कूल नाम से विद्यालय संचालित किया गया है।

रुद्रप्रयाग जनपद का पहला अंग्रेजी माध्यम से मान्यता प्राप्त विद्यालय डॉ0 जैक्स वीन नेशनल स्कूल गुप्तकाशी में डॉ0 जैक्स वीन की प्रेरणा एवं सहयोग से संचालित हो रहा है। वर्तमान में सी0बी0एस0ई0 से 12 वीं तक की मान्यता प्राप्त विद्यालय से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके कई छात्र–छात्रायें आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवायें प्रदान कर रहें हैं। विद्यालय से कई छात्रों का चयन प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के लिए हुआ है। जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु आयोजित की जानी वाली प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयन होने वाले छात्र–छात्राओं की सबसे अधिक संख्या भी सम्पूर्ण जनपद में डॉ0 जैक्स वीन नेशनल से ही है, जिसके तहत अभी तक लगभग 100 छात्र–छात्राओं का चयन जवाहर नवोदय विद्याल के लिए हो चुका है। विद्यालय के छात्र–छात्राओं का विदेश स्थित स्कूल के छात्र–छात्राओं के बीच ड्राइग, पेंटिंग आदि के माध्यम से संवाद स्थापित करने का अनूठा प्रयास किया जाता है, जिससे कि सुदूर पहाड़ी अंचल के छात्र–छात्राएं अपने को विश्व से जोड़ सके।

## विद्यालय के प्रेरणास्रोत
## डॉ0 जैक्स वीन (ब्रह्मचारी विज्ञानानन्द)

एकान्त एवं शान्तिप्रिय फ्राँस के पेरिस शहर में 4 अप्रैल सन् 1956 को जन्में डॉ0 जैक्स वीन (ब्रह्मचारी विज्ञानन्द) ने एम0बी0बी0एस0, एम0 डी0 मनोचिकित्सक (साइकेट्रिस्ट) की डिग्री प्राप्त की। भारतीय मनौविज्ञान से प्रभावित होने के कारण 1985 में भारत आने पर बनारस हिन्दु विश्व विद्यालय में भी योग एवं ध्यान का अध्ययन किया। भारतीयता से प्रभावित होकर ब्रह्मचर्य का पालन करने का प्रण लिया। 1987 में शान्ति की खोज में कालीमठ पहुँचे। कालीमठ में प्रारम्भ में एक माह के प्रवास के दौरान हठयोग के साथ लेखन का कार्य किया।

कालीमठ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्थानीय मरीजों का सीमित समय तक परीक्षण भी किया तत्कालीन क्षेत्रीय शिक्षा व लोगों की आर्थिक स्थिति को भाँपते हुए डॉ0 जैक्स वीन ने कालीमठ के निवासी लखपत सिंह राणा को पूरी पढ़ाई पूर्ण सहयोग किया। 2004 में लखपत सिंह राणा सहित अन्य स्थानीय लोगों को विद्यालय स्थापना के लिए प्रेरित एवं सहयोग किया। केदार घाटी सहित भारत वर्ष के कई स्थानों का भ्रमण कर विश्व को योग शिक्षा एवं भारत भ्रमण के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनका कहना है कि विद्यालय शिक्षा का केन्द्र है। यदि शिक्षा उच्च कोटि की होगी तो क्षेत्र एवं देश का नाम विश्व में प्रसिद्ध होगा। माँ आनन्दमयी सहित कई भारतीय मनीषियों एवं विद्वानों से प्रेरित होकर मनौविज्ञान का धर्म से रिश्ता तथा मनुष्य जीवन को सफल बनाने में योग एवं ध्यान का महत्व विदेशों में भारतीयता के साथ पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं।

मनौविज्ञान एवं योग शिक्षा पर अभी तक डॉ0 जैक्स वीन जी द्वारा दो दर्जन से अधिक पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है।

## विद्यालय इन्फ्रास्ट्रकचर एवं उपलब्ध सुविधायें

| | | |
|---|---|---|
| विद्यालय– विवरण<br>**Affiliation No.** (मान्यता क्रमांक) –3530275, विद्यालय कोड–81503 | | |
| 1 | विद्यालय का नाम | डॉ0 जैक्स वीन नेशनल स्कूल |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | शैक्षिक सत्र | 2021–22 |
| 3 | जनपद | रुद्रप्रयाग |
| 4 | पत्राचार का पता | नरोत्तमनगर (थगलासी) भैंसारी, पो0 गुप्तकाशी |
| 5 | वार्ड | थगलासी |
| 6 | गाँव / नगर | भैंसारी |
| 7 | तहसील | ऊखीमठ |
| 8 | पिन कोड | 246439 |
| 9 | दूरभाष सं0 एस. टी. डी. कोड के साथ | 01364–287394, 9997633337, 6399970769 |
| 10 | ई– मेल पता | jvnsguptakashi@gmail.com |
| 11 | निकटतम पुलिस स्टेशन | गुप्तकाशी |

| सामान्य सूचनाएं | | |
|---|---|---|
| 1 | स्थापना का वर्ष | 2004 |
| 2 | पहली बार विद्यालय प्रारम्भ होने की तिथि | जुलाई 2004 |
| 3 | ट्रस्ट/सोसाइटी/प्रबन्धन समिति का नाम | जीवन निर्माण एजुकेशन सोसाइटी (JNES) |
| 4 | ट्रस्ट/सोसाइटी/प्रबन्धन समिति का पंजीकरण संख्या | 20478**d / UK 05808082019001989** |
| 7 | विद्यालय के सचिव/अध्यक्ष/प्रबन्धक के कार्यालय का पता | नरोत्तमनगर (थगलासी) भैंसारी, पो0 गुप्तकाशी, रुद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड |
| | नाम | लखपत सिंह |
| | पदनाम | अध्यक्ष (चेयरमैन) |

| | | |
|---|---|---|
| | पता | नरोत्तमनगर (थगलासी) भैंसारी, पो0 गुप्तकाशी, रुद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड |
| | दूरभाष संख्या | 9997633337 |
| | | (कार्यालय)– 01364288394<br>(आवास)– 9412114854 |
| | ई – मेल पता | lsrana76@gmail.com |

| विद्यालय की प्रकृति एवं क्षेत्र | | |
|---|---|---|
| 1 | शिक्षण का माध्यम | अंग्रेजी |
| 2 | विद्यालय का प्रकार (प्रथम एवं अन्तिम कक्षा) | प्राइवेट (प्री प्राइमरी से बारहवीं) |
| 3 | विद्यालय का कुल क्षेत्रफल | 850 वर्गमीटर |
| 4 | निर्मित भवन का क्षेत्रफल | 600 वर्गमीटर |

| आधारभूत संरचना तथा स्वच्छता सुविधाओं का विवरण | | |
|---|---|---|
| | कक्ष | संख्या |
| 1 | कक्षा–कक्ष | 15 |
| 2 | कार्यालय सह भण्डार सह प्रधानाध्यापक कक्ष | 4 |
| 3 | प्रयोगशाला | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | एक्टिविटी कक्ष/लघु संग्रहालय | 1 |
| 5 | कम्प्यूटर कक्ष | 1 |
| 6 | पुस्तकालय/वाचनालय | 1 |
| 7 | खेल का मैदान | 1 |

| पाठ्यचर्या एवं पाठ्यक्रम | |
|---|---|
| पाठ्यचर्या एवं पाठ्यक्रम का विवरण जो प्रत्येक कक्षा में पालन किया जाता है (कक्षा 12 तक) | उत्तराखण्ड शिक्षा विभाग एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा निर्धारित पाठ्यचर्या एवं एन0सी0ई0आर0टी0 द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम |
| छात्रों के आकंलन की पद्वति | लिखित एवं मौखिक परीक्षा के साथ पाठ्य सहगामी क्रिया कलापों में दक्षता। (मूल्यांकन)<br>कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित |

| शिक्षण अधिगम सामग्री | | | खेल–कूद सामग्री | |
|---|---|---|---|---|
| 1. चार्टस (विज्ञान) (टी0एल0एम0)<br>2. चार्टस (गणित) (टी0एल0एम0)<br>3. चार्टस ( सा05 विज्ञान) (टी0एल0एम0)<br>4. आवर्त सारणी<br>5. चार्टस (फलों,जानवरो आदि के नाम)<br>6. प्रयोगशाला उपकरण<br>7. मॉडलस् (थर्मोकोल)<br>8. थ्री डी मॉडलस् (प्लासटिक)<br>9. स्पेसमैन (जीवविज्ञान) | 12. विभिन्न ठोस आकृतियां (आयताकार, घन, शंकु, आदि)<br>13. ज्योमट्री बॉक्स<br>14. मानचित्र<br>15. ग्लोब<br>16. सूक्ष्मदर्शी<br>17. सी0डी0 एवं डी0वी0डी0 | | 1. डम्बल्स<br>2. लेजियम<br>3. लगोरी<br>4. वॉलीबॉल<br>5. फुटबॉल<br>6. हॉकी<br>7. बेटमिंटन<br>8. साइकिल<br>9. लूडो<br>10. कैरम<br>11. चैस | 13. खो–खो<br>14. बास्केट बॉल<br>15. कोनस<br>16. रस्सी कूद<br>17. भाला<br>18. चक्का<br>19. गोला<br>20. हेण्डबॉल<br>21. क्रिकेट किट |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. स्मार्ट क्लास<br>11. कम्प्यूटर | | | 12. टेबिल टेनिस | |



विद्यालय भवन



कम्प्यूटर कक्ष






प्रयोगशाला – रसायन विज्ञान




प्रयोगशाला – जीव विज्ञान



प्रयोगशाला – भातिक विज्ञान



संगीत/एक्टिविटी कक्ष





पुस्तकालय






खेल प्रांगण

## शैक्षणिक उपलब्धियां

उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम

हाईस्कूल : 100 प्रतिशत।

✓15 छात्र–छात्राओं द्वारा 10 सी0जी0पी0ए0 प्राप्त, 20 छात्र–छात्राओं के 90% से अधिक अंक, अधिकतम 97%

✓अंग्रेजी में दो एवं सामाजिक विज्ञान में एक छात्र द्वारा 100 अंक प्राप्त।

इण्टरमीडिएट : 100 प्रतिशत।

✓15 छात्र–छात्राओं ने 80% के अधिक अंक, अधिकतत 88%

✓बोर्ड परीक्षाओं में 60% छात्र–छात्राएं विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण।

### –: अन्यत्र चयन :–

✓ सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में प्रवेश हेतु अब तक 6 छात्रों का चयन।

✓ जवाहर नवोदय विद्यालय हेतु कक्षा 6, कक्षा 9 एवं कक्षा 11 वीं के लिए अब तक 100 से अधिक छात्र–छात्राओं का चयन।

✓ महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून हेतु अब तक 4 छात्रों का चयन।

### –: खेल गतिविधियां :–

✓विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं (कबड्डी, खो–खो, वॉलीबाल, एथेलेटिक्स, लगोरी आदि) हेतु प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग हेतु अब तक लगभग 200 छात्र–छात्राओं का चयन।

✓विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं (कबड्डी, खो–खो, वॉलीबाल, एथेलेटिक्स, लगोरी आदि) हेतु राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग हेतु अब तक 10 छात्र–छात्राओं का चयन।

### –: अन्य शैक्षणिक एवं सह–शैक्षणिक उपलब्धियां :–

✓शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कला उत्सव प्रतियोगिता में वादन, गायन, नृत्य एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग। वादन प्रतियोगिता में जनपद स्तर पर तृतीय स्थान।

✓देव संस्कृति विद्यालय द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रत्येक वर्ष प्रतिभाग। शैक्षिक सत्र 2018–19 में आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यालय द्वारा जनपद में द्वितीय स्थान। सत्र 2019–20 में दो छात्रों द्वारा जनपद में प्रथम स्थान एवं एक छात्रा द्वारा तृतीय स्थान।

✓नेशनल ओलम्पियाड फाउंडेशन (NOF) द्वारा विभिन्न विषयों में आयोजित परीक्षाओं में प्रतिभाग एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं परीक्षा के द्वितीय चरण हेतु कई छात्र–छात्राओं का चयन।

✓सत्र 2018–19 में राज्य सरकार द्वारा आयोजित नमामि गंगे प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान।

✓विज्ञान प्रदर्शनी–छात्र छात्राओं विभिन्न विज्ञान मॉडल्स का प्रदर्शन।

✓शैक्षणिक भ्रमण द्वारा छात्र–छात्राओं को पारिस्थिकीय अध्ययन।

✓विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा परिचर्चा।

✓विद्यालय द्वारा सभी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय दिवसों के अवसर पर छात्र–छात्राओं को सम्बन्धित जानकारी प्रदान करना।

✓सी0बी0एस0ई0 के दिशा निर्देशों एवं सर्कुलरों के अनुसार विद्यालय द्वारा छात्रहित में समस्त गतिविधियों का आयोजन।

✓गाँधी स्मृति एवं दर्शन समिति नई दिल्ली द्वारा आयोजित साँस्कृतिक कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सम्मुख विद्यालय के छात्र–छात्रओं की प्रस्तुति।

✓इन्सपायर अवार्ड के तहत राज्य स्तर पर प्रतिभाग

✓नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत राज्य स्तर पर प्रतिभाग व राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान।

### –: सांस्कृतिक उपलब्धियाँ :–

✓ विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा पारम्परिक लोक नाट्यों, लोक लीलाओं, लोक नृत्यों का स्थानीय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के साँस्कृतिक मंचो पर प्रस्तुतियां।

✓ उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न संगीत चलचित्रों में सह–कलाकारों की भूमिकाओं में।

## –: विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं :–

✓ स्वस्थ, शांत एवं सुरक्षित वातावरण।
✓ योग्य एवं अनुभवी शिक्षक–शिक्षिकाएं।
✓ संस्कारवान एवं उच्चकोटि की शिक्षा ।
✓ समस्त उपकरणों से सुसज्जजित भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान प्रयोगशालाएं।
✓ 6000 पुस्तकों युक्त पुस्तकालय एवं वाचनालय।
✓ विद्यालय में अपनी साँस्कृतिक एवं सामाजिक परम्पराओं से छात्र–छात्राओं को रुबरू कराने हेतु स्थानीय वस्तुओं का लघुसंग्रहालय।
✓ सी0सी0टी0वी0 युक्त परिसर।
✓ अग्निशमन यंत्रों युक्त परिसर।
✓ प्री–प्राइमेरी कक्षाओं में वॉल चार्टस, चित्रों आदि के माध्यम से पठन–पाठन।
✓ योग, ध्यान, आर्ट एवं क्राफ्ट, डांस, संगीत आदि की सुविधाएं।
✓ कम्प्यूटर कक्ष।
✓ ई–लर्निग हेतु स्मार्ट क्लास।
✓ छात्र–छात्राओं के आवागमन हेतु जी.पी.एस. सुविधायुक्त बस।
✓ विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन।
✓ शिक्षक–शिक्षिकाओं की कार्य क्षमता को उत्कृष्ट बनानें हेतु सी0बी0एस0ई0 द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं में प्रतिभाग।

## –: सम्मान एवं पुरस्कार :–

✓ उत्तराखण्ड सरकार द्वारा 2016 में राज्य स्थापना दिवस पर पहली बार उत्तराखण्ड के एकमात्र विद्यालय (डॉ0 जैक्स वीन नेशनल स्कूल) माननीय मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित।
✓ माननीय शिक्षा मंत्री उत्तराखण्ड सरकार द्वारा शिक्षा व संस्कृति व आपदा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र।
✓ उत्तराखण्ड शासन की ओर से 2013 की आपदा में कार्य करने हेतु सम्मान पत्र।
✓ उत्कृष्ट शैक्षिक परिणामों के लिए मानव संसाधन विकास मंत्री भारत सरकार श्रीमती स्मृति ईरानी द्वारा बधाई/प्रशंसा पत्र।
✓ संस्कारवान एवं उच्चकोटि की शिक्षा, 2013 की आपदा में विद्यालय के द्वारा की गई उत्कृष्ट सेवाओं व विद्यालय स्तर से ही छात्र–छात्राओं को अनेकों संस्कृति आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से संस्कृति संरक्षण एवं गरीब कन्याओं की शिक्षा एवं शादियों में विशेष सहयोग के लिए सेवा इंटरनेशनल द्वारा सेवा इंटरनेशनल सम्मान।
✓ हिमवन्त चन्द्रकुँवर बर्त्वाल स्मृति मंच दिल्ली द्वारा चन्द्रकुँवर बर्त्वाल समाज श्री सम्मान।

- ✓ वृक्षारोपण एवं धाद संस्था द्वारा चलाये जा रहे हरेला कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए हरेला 2016 सम्मान।
- ✓ ग्लोबल अचीवर फाउंडेशन दिल्ली द्वारा आर्थिक एवं सामाजिक विकास में भागेदारी हेतु बैंकाक में इंटरनेशनल लीडरशिप अवार्ड।
- ✓ शिक्षा, समाज सेवा एवं संस्कृति संरक्षण के क्षेत्र में लिए किये जा रहे उत्कृष्ठ कार्यों के लिए इण्टरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड मेनेजमेंट नई दिल्ली द्वारा ज्वैल ऑफ इण्डिया अवार्ड।
- ✓ 2013 की केदारनाथ आपदा के दौरान व आपदा के बाद किये गये कार्यों के लिए इंडियन मेंडिकल एसोशिएशन द्वारा सम्मानित।
- ✓ संस्कृति एवं आपदा प्रबंधन के बेहतरीन कार्यो के लिए स्थानीय, तहसील एवं जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र।
- ✓ उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणामों हेतु माननीय जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित।